हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार 14 जुलाई 2026

11 फतेहाबाद में 8 अवैध जल कनेक्शन काटे, 12 को नोटिस



12 ठेका खत्म, व्यवस्था ठप, आधे शहर में कूड़े के ढेर...



## आधे घंटे की बारिश में डूबा शहर, ड्रेनेज व्यवस्था की खुली पोल

### 12 दिन के इंतजार के बाद इंद्रदेव मेहरबान, धान की फसल को मिला जीवनदान



फतेहाबाद। जवाहर चौक में हुआ जलभराव व शहर में जलमग्न सड़कें।

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

आखिरकार लंबे इंतजार के बाद मानसून ने फतेहाबाद में दस्तक दे ही दी। प्रदेश में मानसून आए 12 दिन बीत चुके थे, लेकिन फतेहाबाद जिले में बादल सिर्फ आंख-मिचौली कर रहे थे। प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार अच्छी बारिश हो रही थी, जबकि जिले के किसान सूखे जैसे हालात से जूझ रहे थे। सोमवार को आखिरकार इंद्रदेव मेहरबान हुए और करीब आधे घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने पूरे जिले को तरबतर कर दिया। बारिश से एक ओर लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर धान सहित खरीफ फसलों के लिए यह किसी जीवनदान से कम साबित नहीं हुई। हालांकि राहत की इस बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की भी पोल खोल दी। मुख्य बाजारों और कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब आधे घंटे तक लगातार हुई तेज बारिश से शहर का मौसम पूरी तरह बदल गया। कई दिनों से पड़ रही उमस और गर्मी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। बच्चों और युवाओं ने बारिश का आनंद लिया, जबकि बाजारों में लोग दुकानों और शेड के नीचे बारिश थमने का इंतजार करते नजर आए। तापमान में गिरावट आने से पूरे दिन मौसम सुहावना बना रहा।

#### सामान्य से कम हुई है बारिश

कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजपाल के अनुसार इस बार जिले में वर्षा का वितरण बेहद असमान रहा है। जाखल व टोहाना में पर्याप्त पानी बरसात है वहीं भट्टू, फतेहाबाद और रतिया के कई हिस्सों में भी सामान्य से काफी कम वर्षा हुई। पर्याप्त नमी नहीं मिलने के कारण धान की रोपाई की रफ्तार धीमी पड़ गई थी और खरीफ सीजन की शुरुआत कमजोर रही थी। किसानों को मजबूरन ट्यूबवेल से सिंचाई करनी पड़ी, जिससे खेती की लागत भी बढ़ गई। किसान धर्मपाल ने बताया कि समय पर बारिश नहीं होने से बाजरे की बुवाई का रकबा प्रभावित हुआ है।



### चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गिरा पेड़, युवक की मौत

रतिया। तेज अंधड़ के दौरान एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय मनप्रीत सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मनप्रीत सिंह निवासी वीरावली सीमेंट-रेता की दुकान पर काम करता था। वह नागपुर से तामसपुरा की ओर किसी के घर बजरी छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान तेज हवा के कारण सड़क किनारे खड़ा एक पेड़ अचानक उसके ऊपर गिर गया। हादसे में मनप्रीत सिंह के सिर और छाती पर गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से उसे रतिया के नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## चोपटा क्षेत्र में बारिश से किसान खुश

- नरमा कपास की फसल को फायदा जोड़कियां में घरों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

राजस्थान की सीमा से सटे चोपटा क्षेत्र के कई गांवों में सोमवार को हुई बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी छा गई। नरमा व कपास की फसल को काफी फायदा होगा। लेकिन गांव जोड़कियां में जोरदार बारिश के कारण कई घरों में पानी घुस गया। चोपटा क्षेत्र में जमाल, कुतियाना, जोड़कियां, हंजीरा सहित कई गांवों में अच्छी बारिश हुई। किसान रामचंद्र, बनवारी लाल, जगदीश, सुभाष, विकास कुमार का कहना है भगवान ने उनकी सुन ली है। अब बारिश हो गई है और अब खेतों में हरियाली छा जाएगी। गौरतलब है की राजस्थान की सीमा से सटे हरियाणा के गांवों में पिछले कई दिनों से बारिश के अभाव में फसलें खराब हो रही थी। अब बारिश से गर्मी से राहत मिली है वहीं सावनी की फसल को भी काफी फायदा होगा। बारिश होने से ग्वार, बाजरा, मूंगफली, नरमें और कपास की फसल लहलहाने लगी है।





सिरसा। नरमा-कपास के खेतों में बारिश का पानी तथा गांव जोड़कियां में एक घर में घुसा बरसाती पानी। फोटो: हरिभूमि

#### जोड़कियां घरों में घुसा बारिश का पानी

गांव जोड़कियां में जोरदार बारिश हुई जिससे घरों में पानी घुस गया, ग्रामीण पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने बड़ी मुश्किल से बाल्टियों से घर का पानी निकाला, इन्होंने बताया की पानी घर के आंगन तक पहुंच गया. जिससे मकान गिरने का खतरा बढ़ गया। ग्रामीण बुध राम, प्रेम सुख, मांगे राम, विकास, भजन लाल ने बताया की पिछले दिनों गांव की गली का लेवल सही नहीं होने के कारण गली को उखाड़ दिया था, अब बारिश आते ही गली का पानी घरों में घुस गया और गली से गुजरना भी मुस्किल हो गया।

### अफसरशाही पर बरसे कृष्ण बेदी, एसडीओ के निलंबन के निर्देश, गैरहाजिर एक्सईएन को नोटिस

## प्रॉपर्टी आईडी में गड़बड़ी पर मंत्री ने दिखाए तेवर, बोले : सुधर जाओ, नहीं तो जेल जाओगे

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक सोमवार को अफसरशाही पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की सख्ती के नाम रही। जन शिकायतों की सुनवाई के दौरान अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए मंत्री ने दो टूक कहा कि जनता के कामों में लापरवाही अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। प्रॉपर्टी आईडी में गड़बड़ियों पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी, गड़बड़ी बंद करो, नहीं तो जेल जाना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब हर लापरवाही की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय होगी। बैठक के दौरान जल सेवाएं मंडल, हिसार के एक्सईएन विनोद वर्मा के बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई और उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं सिंचाई विभाग के एसडीओ राजेंद्र के खिलाफ कर्मचारियों से दुर्व्यवहार और लगातार लापरवाही की शिकायतों को गंभीर मानते हुए उपायुक्त को उनके निलंबन की सिफारिश विभाग को भेजने के आदेश दिए। बैठक में फतेहाबाद से कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, रतिया विधायक जरनैल सिंह, पूर्व विधायक दुड़ाराम, पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, डीसी डॉ. विवेक भारती, एसपी निकिता खट्टर, जिला परिषद चेयरमैन सुमन खीचड, प्रवीण जोड़ा, पूर्व चेयरमैन रामराज मेहता भी मौजूद रहे।




फतेहाबाद। जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में मामलों की सुनवाई करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी।

#### अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण की होगी जांच

रतिया मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन कुलवंत सिंह की शिकायत पर मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अवैध कॉलोनी में शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा कराए गए कथित सडक़ निर्माण की जांच के लिए एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। कमेटी में एसडीएम रतिया तथा जनपरिवाद समिति के सदस्य अंकित सिंगला और परवीन को शामिल किया गया है।

#### भूना में बिजली पोल निगम के खर्च पर होंगे शिफ्ट

भूना की ऑफिसर कॉलोनी के निवासियों द्वारा प्लॉटों के बीच लगे बिजली पोल हटाने की मांग पर मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को अपने खर्च पर बिजली पोल हटाने के निर्देश दिए।

#### पुलिस कार्रवाई से जुड़े मामलों में जांच कमेटी गठित

गांव पारता निवासी सुनील की शिकायत पर, जिसमें पारिवारिक विवाद में पुलिस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया था, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने एसडीएम टोहाना, डीएसपी टोहाना, संबंधित थाना प्रभारी तथा जनपरिवाद समिति के सदस्य पूनम सिंगला, विनोद खीचड़ और हरमेश शर्मा की संयुक्त कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।

#### सबसे ज्यादा मामले प्रॉपर्टी आईडी से जुड़े मामले

सबसे ज्यादा नाराजगी प्रॉपर्टी आईडी से जुड़े मामलों पर देखने को मिली। रत्ताखेड़ा निवासी शारदा देवी की शिकायत सुनने के बाद मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आम लोगों को महीनों तक दफ्तरों के चक्कर लगवाना अस्वीकार्य है। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को तत्काल लंबित प्रॉपर्टी आईडी जारी करने के निर्देश दिए और साफ कहा कि जिस अधिकारी या कर्मचारी की वजह से फाइलें अटकेंगी, उसके खिलाफ व्यक्तिगत स्तर पर कार्रवाई होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जानबूझकर गड़बड़ी करने वालों को जेल तक जाना पड़ सकता है। बैठक में कुल 14 शिकायतों पर सुनवाई हुई। इनमें छह मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि आठ मामलों में अलग-अलग जांच समितियां गठित कर रिपोर्ट मांगी गई। मंत्री ने कहा कि जनपरिवाद समिति केवल औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि जनता को समय पर न्याय दिलाने का मंच है। इसलिए प्रत्येक विभाग तय समय सीमा में शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करे।

#### एसडीओ के निलंबन की सिफारिश के निर्देश

बैठक में जल सेवाएं मंडल, हिसार के कार्यकारी अभियंता विनोद वर्मा के बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने पर मंत्री ने उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं सिंचाई विभाग के एसडीओ राजेंद्र के खिलाफ कर्मचारियों के साथ दुव्र्यवहार तथा लगातार लापरवाही की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त को उनके निलंबन की सिफारिश विभाग को भेजने के निर्देश दिए।



फतेहाबाद। घग्घर में बढ़ता जलस्तर। फोटो: हरिभूमि

### घग्घर फिर उफान पर : चांदपुरा साइफन में पानी का बहाव 3550 क्यूसेक पहुंचा

- गुहला चीका में बहाव 27,582 क्यूसेक तक पहुंचा, चांदपुरा में दो दिन में सात गुना बढ़ा पानी, नदी किनारे गांवों में बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हिमाचल की शिवालिक पहाडिय़ों में लगातार हो रही बारिश का असर अब फतेहाबाद जिले में साफ दिखाई देने लगा है। जिले से होकर गुजरने वाली घग्घर नदी में पिछले दो दिनों के दौरान पानी का बहाव लगातार बढ़ता रहा। हालांकि सोमवार शाम तक गुहला चीका पर बहाव में कुछ कमी दर्ज की गई, लेकिन खनौरी और चांदपुरा में पानी लगातार बढ़ रहा है। चांदपुरा में तो 11 जुलाई की तुलना में महज दो दिन में पानी का बहाव सात गुना से अधिक हो गया। मौसम विभाग की ओर से पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी के बीच सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन ने हालात पर नजरें टिका दी हैं। 2023 की विनाशकारी बाढ़ झेल चुके नदी किनारे के गांवों में भी चिंता बढने लगी है। सिंचाई विभाग के आंकड़ों के अनुसार 11 जुलाई की शाम चार बजे गुहला चीका में 18,434 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था, जबकि खनौरी में 550 और चांदपुरा में 500 क्यूसेक पानी था।

#### विभाग अलर्ट

घग्घर नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी जरूर हुई है लेकिन अभी घबराने की जरूरत नहीं है। बाढ़ जैसी कोई परिस्थितियां नहीं है। विभाग पूरी तरह अलर्ट है। घग्घर के जलस्तर की हर दो घंटे में अपडेट ली जा रही है। -राजेन्द्र कुंडू, सिंचाई विभाग

#### 2023 की बाढ़ की यादें फिर ताजा

*घग्घर का बढ़ता जलस्तर नदी किनारे बसे गांवों के लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। वर्ष 2023 में रंगोई नाले में क्षमता से अधिक पानी आने के कारण शक्करपुरा के पास करीब 100 फुट चौड़ी दरार आ गई थी। इसके बाद फतेहाबाद और रतिया क्षेत्र के अनेक गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया था।*

## सिरसा में 13 नशा तस्कर काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने जिले क्षेत्र से नशा तस्करी में संलिप्त 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने सोमवार को बताया कि जिले में नशे की सप्लाई चेन को पूरी तरह ध्वस्त करने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीमें नशा तस्करों के ठिकानों, संदिग्ध गतिविधियों और उनके नेटवर्क पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर नशा कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और आने वाले दिनों में भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। एसपी ने बताया कि नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को आमजन और ग्राम पंचायतों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

#### सक्रिय भागीदारी की अपील

हाल ही में नाथूसरी कलां ग्राम पंचायत ने गांव में यह संकल्प लिया है कि नशा तस्करी या नशे से जुड़े किसी भी व्यक्ति की जमानत नहीं कराई जाएगी। यदि कोई व्यक्ति ऐसे आरोपियों की पैरवी या जमानत करेगा तो सामाजिक स्तर पर उसका बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए अन्य ग्राम पंचायतों से भी नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। एसपी बोले पुलिस और जनता की साझेदारी से नशा तस्करों के खिलाफ अभियान प्रभावी साबित हो रहा है। लगातार कार्रवाई से उनके नेटवर्क पर असर पड़ा है। सिरसा पुलिस की नजर से अब कोई भी नशा तस्कर नहीं बच सकेगा। आमजन का सहयोग इसी तरह मिलता रहा तो सिरसा को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य भी जल्द हासिल किया जा सकेगा।

### हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को 6 ग्राम 62 मिलीग्राम हैरोइन सहित दो युवकों को काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम डिंग थाना क्षेत्र के गांव बोदिवाला के प्राइमरी स्कूल के नजदीक टी पॉइंट पर मौजूद थी। इस दौरान गांव की तरफ से दो युवक पैदल आते हुए दिखाई दिए उक्त युवकों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र खिसकने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर आरोपी युवक विकास निवासी गांव चाडीवाल व अजय निवासी गांव रंधावा जिला सिरसा को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्जा से 6 ग्राम 62 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

## 50 लाख की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

- 258 ग्राम नशा बरामद, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई हेरोइन की बाजारी कीमत करीब 50 लाख रुपये आकी गई है। डीएसपी ललित कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता में इसका खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान गुरप्यार सिंह व लवप्रीत सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गुरप्यार सिंह व लवप्रीत सिंह मोटरसाइकिल पर नेश की खेप लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल डबवाली से सिरसा रोड पर नाकाबंदी कर पंजाब से आने वाले संदिग्ध वाहनों की जांच की। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवक आता दिखाई दिए। पुलिस ने शक के आधार पर बाइक को रूकवा लिया और तलाशी ली तो उनके कब्जे से 258 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।



सिरसा। पत्रकारों को जानकारी देते डीएसपी। फोटो: हरिभूमि

#### तीन माह में 125 अभियोग दर्ज

डीएसपी ललित कुमार ने बताया कि डबवाली पुलिस ने बीते तीन माह के दौरान नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर 125 अभियोग दर्ज करते हुए 225 आरोपियों को गिरफ्तार कर करोड़ों रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद कर नशा तस्करी नेटवर्क पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है । सिर्फ मादक पदार्थों की बरामदगी तक सीमित न रहते हुए पुलिस टीमों ने नशे की सप्लाई चेन को ध्वस्त करते हुए 111 सप्लायरों को भी गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे के विरुद्ध जनजागरूकता को भी समान प्राथमिकता दे रही है।

## अनियंत्रिक बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

- शव पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

रानियां कस्बे में अनियंत्रित मोटरसाइकिल सडक़े किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव सैनपाल कोठा निवासी देवेंद्र कुमार के रूप में हुई है। सिरसा के नागरिक अस्पताल में सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्र कुमार रविवार रात को खेत में पानी लगाने के लिए जा रहा था। रास्ते में उसकी बाइक अंनियत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल देवेंद्र को अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार शव पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### विद्यार्थी कॉलेज पहुंचकर अपने फॉर्म और फीस जमा करवाएं : रोबिन आनंद

## एमएम कॉलेज में द्वितीय, तृतीय वर्ष के लिए दाखिले शुरू, 24 जुलाई तक बिना लेट फीस ले सकेंगे दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मिशन एडमिशन

उच्चतर शिक्षा महानिदेशालय के निर्देशानुसार मनोहर मैमोरियल महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने बताया कि महाविद्यालय में प्रथम वर्ष से द्वितीय वर्ष और द्वितीय वर्ष से तृतीय वर्ष प्रमोट होने वाले विद्यार्थी अब 24 जुलाई तक बिना लेट फीस के दाखिला ले सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को स्वयं कॉलेज में आना होगा। छात्र कॉलेज आकर अगली कक्षा में प्रमोट होने का फॉर्म भरेंगे और उसके बाद कॉलेज के फीस काउंटर पर जाकर ही अपनी फीस जमा करवाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया कि फीस जमा होने के बाद उसकी रसीद ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जनरेट की जाएगी।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में दाखिले के लिए लाइन में लगे विद्यार्थी।

#### एंटी-रैगिंग अंडरटेकिंग भरना अनिवार्य

एडमिशन इंचार्ज डॉ. रोबिन आनंद ने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी 24 जुलाई तक अपना दाखिला नहीं करवा पाता है, तो उसे भारी जुर्माना देना पड़ सकता है। निदेशालय के अनुसार, 25 से 31 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस तय की गई है। इसके बाद यदि लेट होते हैं, तो एक से 7 अगस्त तक 100 रुपये मूल लेट फीस के साथ 100 रुपये प्रति दिन के हिसाब से अतिरिक्त लेट फीस वसूली जाएगी। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट और यूजीसी के नियमों के तहत दाखिला लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एंटी-रैगिंग अंडरटेकिंग भरना अनिवार्य है। कॉलेज प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते कॉलेज पहुंचकर अपने फॉर्म और फीस जमा करवाने की प्रक्रिया को पूरा करें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या लेट फीस से बचा जा सके।

रोहतक,मंगलवार
14 जुलाई 2026
हरिभूमि सहेली



महिलाओं के पास घर-परिवार की एक नहीं कई तरह की जिम्मेदारियां होती हैं। परिवार के छोटे-बड़े सभी उन्हीं पर निर्भर रहते हैं, सबका ध्यान रखना होता है। इतना ही नहीं, घर की पूरी व्यवस्था भी उन्हें ही संभालनी होती है। इतनी सारी जिम्मेदारियों के बीच महिलाएं अपना ध्यान नहीं रख पातीं, जो उनके मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। ऐसे में महिलाएं होममेकर के साथ सेल्फमेकर भी बनें। वे दूसरों के साथ अपनी भी केयर करें, मी टाइम जरूर निकालें।

# होममेकर के साथ-साथ सेल्फमेकर भी बनें

कवर स्टोरी
प्रतिभा अग्निहोत्री

हमारे समाज में घर-परिवार की नींव महिलाओं के त्याग, मेहनत और प्यार पर टिकी होती है। घर की महिला सुबह तड़के उठने से लेकर रात सोने तक अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य की जरूरतों को पूरा करने में लगी रहती है। बच्चों की देखभाल, परिवार के हर सदस्य की पसंद-नापसंद का ध्यान रखना, घर की व्यवस्था, बुजुर्गों की देखभाल, पूरे दिन वह अपनी जिम्मेदारियां निभाती है। यही वजह है कि महिलाओं को घर की 'होममेकर' कहा जाता है, क्योंकि पूरे परिवार की धुरी वही होती हैं। परिवार का हर सदस्य उनके ऊपर निर्भर रहता है। सवाल यह है कि क्या केवल परिवार की देखभाल करना ही एक महिला की पहचान है? क्या उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है? हर महिला का भी अपना एक आत्मसम्मान है, इसे उन्हें बनाए रखना चाहिए। इसके लिए महिलाओं को स्वयं हर संभव प्रयास करना होगा, पूरी तरह से जागरूक भी रहना पड़ेगा।

**खुद को पेंपर करें:** आज समय की मांग है, महिलाएं 'होममेकर' के साथ-साथ 'सेल्फमेकर' भी बनें। इसका अर्थ यह नहीं कि वे अपनी जिम्मेदारियों से दूर हो जाएं। वे घर-परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने के साथ अपने लिए भी कुछ समय निकालें, अपनी खुशियों को महत्व दें, सेल्फकेयर करना सीखें, दूसरों के साथ-साथ खुद को भी पेंपर करें, अपने अस्तित्व और पहचान के लिए जागरूक रहें। इसके लिए मोटिवेशनल और पर्सनालिटी ग्रूम करने वाली बुक्स पढ़ें। दोस्तों से मिलें या अकेले कुछ समय बिताएं। ऐसा करना स्वार्थी बन जाना नहीं है, यह अपने आत्मसम्मान को बनाए रखने के लिए जरूरी है।



**खुद की भी करें केयर :** अकसर देखा जाता है कि महिलाएं परिवार के हर सदस्य के स्वास्थ्य और पसंद का ध्यान रखती हैं, लेकिन जब बात खुद की आती है तो वे अपनी जरूरतों को पीछे कर देती हैं। घर में सबके लिए पौष्टिक खाना बनाने वाली महिलाएं कई बार खुद समय बचाने के लिए या फिर अपने मन का खाना बनाने में आलस्य कर जाती हैं, 'अरे अकेले के लिए क्या बनाना,' सोचकर कुछ भी खाकर अपना पेट भर लेती हैं। सभी के आराम का ध्यान रखने वाली महिलाएं थकान होने के बावजूद भी अपनी थकान को नजरअंदाज कर देती हैं। खुद को पीछे रखने की यह आदत धीरे-धीरे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं रहती, वे बीपी, शुगर और थायरॉयड जैसी बीमारियों का शिकार हो जाती हैं।



**अपनी खुशी भी है जरूरी:** चूंकि आप अपने परिवार की धुरी हैं, इसलिए यदि आप खुद स्वस्थ और खुश रहेंगी तो ही अपने परिवार को खुश रख पाएंगी, जिस प्रकार से हवाई जहाज में बैठते समय चोट लगने से बचने के लिए सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी जाती है, उसी प्रकार घर में किसी आपातस्थिति को आने से रोकने के लिए आपको अपने स्वास्थ्य और खुशी की सीट बेल्ट अवश्य लगानी चाहिए। इसके लिए जरूरी है, परिवार के अन्य सदस्यों के साथ-साथ आप अपना भी वर्ष में एक बार हेल्थ चेकअप जरूर करवाएं।

**मी टाइम निकालें:** विश्व प्रसिद्ध टॉक-शो होस्ट ओपरा विंफ्रे के अनुसार, 'अपने जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि आप खुद को जानें और इसके लिए सबसे जरूरी है कि पूरे दिन घर में खटते रहने के बजाय आप अपने लिए भी कुछ समय निकालें, खुद के साथ कुछ समय बिताएं। इस समय में आप केवल अपनी पसंद का काम करें फिर वह चाहे योग, व्यायाम, किताब पढ़ने, संगीत सुनने, बागवानी करना, पेंटिंग करना, लिखने या किसी भी ऐसी हॉबी के लिए हो सकता है, जिससे आपको खुशी मिलती हो। वास्तव में हॉबी केवल समय बिताने का साधन नहीं होती, बल्कि अपनी हॉबी को पर्स्यू करने से एक सेटिस्फेक्शन मिलता है, जिससे आप अपने आपको ऊर्जावान महसूस करती हैं और मन आत्मविश्वास से भर उठता है।

**स्किल को डेवलप करें:** प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति कहती हैं, 'एक महिला जब अपने अंदर के आत्मविश्वास को पहचान लेती है तो वह अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है।' आज का दौर सोशल मीडिया का है, जिसमें आप अपनी किसी भी स्किल को डेवलप करके उसे प्रोफेशनल टच दे सकती हैं या फिर सोशल मीडिया से भी कमाई कर सकतीं है। यदि आपको कुकिंग का शौक है तो इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर इन्हें शेयर करके अच्छी खासी अर्निंग कर सकती हैं। लेखन, कला, सिलाई, संगीत या जिस भी क्षेत्र में आपकी रुचि है, उसे डेवलप करके आप खुद के साथ-साथ समाज और अपने परिवार को भी एक नई पहचान दे सकती हैं।

**खुद को दें प्राथमिकता:** नागरिकों, विशेषकर महिला अधिकारों के लिए लड़ने वाली एलेनेर रूजवेल्ट ने कहा है, 'आत्मसम्मान हमारी अपनी सोच से बनता है।' खुद का खान-पान हो, हेल्थ हो या फिर कहीं जाने का अवसर हो, महिलाएं खुद को सबसे पीछे रखती हैं। विचारणीय प्रश्न है कि यदि आप ही स्वयं को प्राथमिकता नहीं देगीं तो दूसरे क्यों देंगे? इसलिए अपने प्रति अपनी सोच को उन्नत बनाएं और परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपनी थाली में भी पौष्टिक भोजन रखें, अपना भी हेल्थ चेकअप करवाएं, परिवार के साथ-साथ अपनी खुशी का ध्यान रखें। कभी-कभी दोस्तों के साथ भी घूमने जाएं। अपनी पसंद की भी डिश बनाएं, अपने मन की मूवी देखें, इस सबसे आपके अंदर डोपामाइन हार्मोन रिलीज होगा, जिससे आप तो खुश रहेंगी ही, साथ ही परिवार के सभी सदस्य भी खुश रहेंगे।

**आवाज उठाना सीखें:** महिलाओं के हक के लिए लड़ने वाली नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई कहती हैं, 'हर महिला को अपनी पसंद, अपनी इच्छाओं और अपनी पहचान के लिए आवाज उठाने का अधिकार है।' कई परिवार वाले महिलाओं की भावनाओं और उनके काम की कद्र नहीं करते, ऐसे में अकसर महिलाएं खुद की भावनाओं और इच्छाओं से समझौता करना शुरू कर देती हैं। धीरे-धीरे उनकी सारी इच्छाएं और भावनाएं ही समाप्त हो जाती हैं। इससे बचने के लिए वे विनम्र और शालीन स्वर में अपनी बातें परिवार के सामने रखें, उन्हें समझाने का प्रयास करें। जरूरी है कि हर महिला खुद से वादा करे, इससे वह केवल दूसरों के सपनों को पूरा करने वाली नहीं, अपने सपनों को जीने वाली भी बनेगी। वह होममेकर जरूर बने, लेकिन इसके साथ ही अपनी जिंदगी की सेल्फमेकर भी बने। अपनी एक पहचान बनाए, सशक्त बने। ❀

# अपने काम का श्रेय लेने में संकोच कैसा!

कुछ लोग किसी काम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर उसे बेहतर अंजाम देते हैं। लेकिन इसका श्रेय लेने में संकोच करते हैं। नतीजा यह होता है, दूसरे उनके काम का श्रेय ले लेते हैं। अपने काम और मेहनत का श्रेय लेने से चूके नहीं। यह आपकी उन्नति के लिए जरूरी है।

एडवाइस
मेघा राठी



अकसर यह देखा जाता है कि कई लोग अपने काम, मेहनत और उपलब्धियों के बारे में बोलने से संकोच करते हैं। उन्हें लगता है कि यदि उनका काम अच्छा होगा तो लोग स्वयं तारीफ करेंगे, लेकिन वास्तविकता उलट है, हर बार ऐसा नहीं होता। आपकी मेहनत का श्रेय कोई और ले जाता है। आप केवल 'विनम्र' बनी रह जाती हैं। इस तरह विनम्र बने रहना सही नहीं है। कुछ स्थितियों में अपने काम का उचित श्रेय लेना जरूरी है, क्योंकि यह केवल अहंकार की बात नहीं, आपके आत्मसम्मान, पहचान और भविष्य के अवसरों से जुड़ी बात है।

**चुप रहना क्यों गलत है:** बहुत से लोग यह सोचकर अपने योगदान का उल्लेख नहीं करते कि कहीं लोग उन्हें घमंडी न समझ लें, जबकि वे टीम में सबसे अधिक मेहनत करते हैं, दूसरों की मदद करते हैं, जिम्मेदारियां निभाते हैं, लेकिन जब परिणाम सामने आते हैं तब उनका कहीं नाम नहीं होता। धीरे-धीरे ऐसे होते रहना दूसरों के लिए सुविधा बन जाती है। लोग मान लेते हैं कि आप बिना पहचान चाहे भी काम करती रहेंगी। परिणाम यह होता है, आपकी मेहनत को कोई सम्मान नहीं मिलता और किसी दूसरे को अधिक योग्य समझा जाने लगता है।



**काम का श्रेय न लेने के दुष्प्रभाव:** यदि आप अपने योगदान को स्पष्ट नहीं करती हैं, तो लोग आपके काम का महत्व समझ ही नहीं पाते। कार्यस्थल हो, परिवार हो या सामाजिक जीवन, पहचान उसी की बनती है, जिसका योगदान दिखाई देता है। जब आप स्वयं अपने काम को नहीं बताएंगी, तब कई लोग आपके काम को अपना बताने लगते हैं। यह स्थिति मानसिक रूप से बहुत दुःख देती है, क्योंकि भीतर से आप जानती हैं कि मेहनत आपकी थी। लगातार अनदेखा किया जाना व्यक्ति के भीतर यह भावना पैदा कर देता है कि शायद उसका काम महत्वपूर्ण ही नहीं है। इससे आत्मविश्वास प्रभावित होता है, व्यक्ति अपनी क्षमता पर संदेह करने लगता है। काम की दुनिया में अवसर उसी को मिलते हैं, जिसकी उपलब्धियां सामने आती हैं। यदि आपकी मेहनत लोगों तक पहुंचेगी ही नहीं तो नई जिम्मेदारियां, पदोन्नति या सम्मान कैसे मिलेगा, ये किसी और को मिल सकते हैं। इसलिए इसमें संकोच नहीं करना चाहिए।

**अपने काम का श्रेय लेना अहंकार नहीं:** कई लोग श्रेय मांगने को अहंकार समझते हैं, जबकि दोनों में अंतर है। अहंकार वह है, जहां व्यक्ति दूसरों को छोटा दिखाकर स्वयं को बड़ा साबित करे। लेकिन अपने काम का उचित उल्लेख करना अपना आत्मसम्मान है। यदि आपने मेहनत की है, जिम्मेदारी निभाई है, किसी कार्य को सफल बनाया है तो यह बताना गलत नहीं कि उसमें आपका योगदान क्या था।

**श्रेय लेने का सही तरीका क्या हो:** सवाल यह है आप अपने काम का श्रेय कैसे लें? इसके लिए यह जरूरी नहीं है कि हर समय स्वयं की प्रशंसा करें। आप आवश्यकता पड़ने पर अपने योगदान को स्पष्ट और संतुलित तरीके से रखें। इसके लिए शांत और तथ्यात्मक भाषा का प्रयोग करें। दूसरों के योगदान को भी सम्मान दें। अपनी मेहनत को कम करके न दिखाएं। जहां जरूरी हो, वहां स्पष्ट रूप से कहें, 'इस कार्य में मेरा यह योगदान था।' यह ना भूलें कि अपने काम का श्रेय लेने का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब आप अपनी मेहनत को स्वीकारती हैं, तब भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है। आपको महसूस होता है कि आपकी पहचान केवल दूसरों की स्वीकृति पर निर्भर नहीं है। आपको अपनी योग्यता पर यकीन होता है। जब लोगों को आपके योगदान का पता होता है, तब वे आपको नई जिम्मेदारियों और अवसरों के लिए योग्य मानते हैं। ❀

चाइल्ड डेवलपमेंट
दीपिका शर्मा

जब बच्चे का शारीरिक-मानसिक विकास सही ढंग से होता ना दिखे तो इसका कारण समझना जरूरी हो जाता है। भविष्य में बच्चे को कोई बड़ी समस्या न हो, इसलिए एक्सपर्ट से सलाह लेनी चाहिए कि कहीं बच्चा न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर का तो शिकार नहीं है।

# न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर जरूरी है समय पर पहचान

यदि किसी बच्चे को कोई मेंटल या फिजिकल प्रॉब्लम है, इसका पता समय रहते चल जाए तो इसे दूर करना आसान हो जाता है। इसकी एक अच्छी मिसाल है आठ वर्षीय आरव। उसे तीन वर्ष की आयु तक बोलने में कठिनाई थी। स्कूल जाने पर उसे पढ़ने-लिखने में भी परेशानी होने लगी। पैरेंट्स ने विशेषज्ञों से परामर्श लिया। जांच में पता चला कि वह न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर से प्रभावित है। समय पर स्पीच थेरेपी, स्पेशल एजुकेशन और फैमिली सपोर्ट मिलने से उसकी स्थिति में काफी सुधार हुआ। स्पष्ट है कि समय पर बच्चों के विकार की पहचान हो जाए और उचित देखभाल हो तो बच्चा सुधर सकता है।



**बच्चे का डेवलपमेंटल पीरियड है बहुत महत्वपूर्ण:** विशेषज्ञों के अनुसार जीवन का शुरुआती डेवलपमेंटल पीरियड बहुत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी दौरान बच्चे के मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र का तीव्र विकास होता है। यदि इस विकास प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है, तो बच्चे के सीखने, व्यवहार और सामाजिक कौशल पर प्रभाव पड़ सकता है।



**समय पर पहचान है जरूरी:** न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर ऐसे विकार हैं, जो मुख्य रूप से मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के विकास को प्रभावित करते हैं। इनकी शुरुआत प्रायः बचपन में होती है। इनके लक्षण बच्चे के विकास की गतिविधियों में दिखाई देते हैं। प्रत्येक बच्चे के विकास के कुछ माइलस्टोन होते हैं, जैसे मुस्कुराना, बैठना, चलना, बोलना, वस्तुओं को पकड़ना, दूसरों से संवाद करना और नई चीजें सीखना। यदि बच्चा इन माइलस्टोंस को अपेक्षित समय पर प्राप्त नहीं कर पाता, तो यह विकासात्मक देरी के संकेत होते हैं।


**ये हैं महत्वपूर्ण लक्षण:** न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर से प्रभावित बच्चों में कई प्रकार के लक्षण दिखाई देते हैं। कुछ बच्चों को बोलने और भाषा समझने में कठिनाई होती है, जबकि कुछ बच्चों को पढ़ने-लिखने में समस्या आती है। कई बच्चे ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते, निर्देशों का पालन नहीं करते। कुछ बच्चों को दूसरों के साथ संवाद करने में भी परेशानी होती है।

**लक्षणों को न करें नजरअंदाज:** ऊपर बताए गए लक्षणों को केवल बच्चे की 'शरारत' या 'धीमे सीखने की क्षमता' समझकर अनदेखा करना उचित नहीं है। अमेरिकन साइकियाट्रिक एसोसिएशन (एपीए) की डीएसएम-5-टीआर के अनुसार न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर की प्रमुख श्रेणियों में एडीएचडी (ध्यान-अभाव एवं अतिसक्रियता विकार), ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, बौद्धिक अक्षमता, विशिष्ट अधिगम विकार (जैसे डिस्लेक्सिया और डिस्कैल्कुलिया) संचार विकार शामिल हैं। ये विकार बच्चे की शैक्षणिक उपलब्धियों, सामाजिक समायोजन, आत्मविश्वास और भविष्य के अवसरों को प्रभावित कर सकते हैं।

**क्या है सही उपचार:** इन विकारों का उपचार केवल दवाओं तक सीमित नहीं है। प्रारंभिक पहचान, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, विशेष शिक्षा, स्पीच और लैंग्वेज थेरेपी, व्यवहार चिकित्सा, परिवार और स्कूल का सहयोग बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सजग रहें अभिभावक, शिक्षक और समाज:** आज आवश्यकता इस बात की है कि अभिभावक, शिक्षक और समाज बच्चों के विकासात्मक संकेतों के प्रति सजग रहें। न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर किसी बच्चे की कमजोरी नहीं है, बल्कि ऐसी परिस्थितियां हैं, जिनमें अतिरिक्त समझ, धैर्य और सहयोग की आवश्यकता होती है। सही समय पर सहायता, संवेदनशील दृष्टिकोण से ऐसे बच्चों को भी आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर दिया जा सकता है। ❀

**(क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर नेहा से बातचीत)**



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# नाइट क्रीम से मिलेगा सॉफ्ट-नेचुरल ग्लो

दिन भर काम की व्यस्तता, तनाव, भाग-दौड़ वाली जीवनशैली और प्रदूषण की वजह से हमारी त्वचा बेजान हो जाती है। रात के समय स्किन खुद को रिपेयर करती है। इस दौरान नाइट क्रीम लगाना बेहद फायदेमंद होता है। इन दिनों बाजार में कई तरह की नाइट क्रीम उपलब्ध हैं, लेकिन अच्छी क्वालिटी की नाइट क्रीम आप घर पर ही आसानी से बना सकती हैं। ये आपकी ब्यूटी पर चार चांद लगाएंगे, सस्ते भी पड़ेंगे और इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होगा।

**स्किन के लिए फायदेमंद:** नाइट क्रीम एक तरह की न्यूट्रीशस क्रीम होती है, जिससे मसाज करने पर त्वचा में नमी बढ़ती है। ये स्किन को ठंडा रखने वाला तत्व भी प्रदान करती है, जिससे स्किन कूल फील करती है। कई तरह की नाइट क्रीम को एंटी-एजिंग क्रीम की तरह भी इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि इनमें ऐसे तत्व भी मौजूद होते हैं, जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम कर सकते हैं।



**स्किन टाइप का रखें ध्यान:** नाइट क्रीम को यूज करने से पहले स्किन टाइप का ध्यान रखना जरूरी है। यह उन महिलाओं के लिए अधिक फायदेमंद होती है, जिनकी स्किन नॉर्मल या ड्राय होती है। अगर आपकी स्किन ऑयली है या आपके चेहरे पर मुंहासे, फुंसी या रैशेज जल्दी हो जाते हैं तो इसका उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऑयली स्किन को क्रीम से मसाज करने की जरूरत नहीं होती है। अगर आप इसका इस्तेमाल करती हैं तो इससे स्किन के पोर्स बंद हो जाते हैं और ब्लैक हेड्स या कील-मुंहासे होने का रिस्क बढ़ जाता है। अगर आपकी नॉर्मल या ड्राय स्किन है तो आप 25 साल की उम्र के बाद नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**कैसे करें अप्लाई:** रात को सोने से पहले स्किन को साफ करने के बाद नाइट क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए। सबसे पहले चेहरे पर नाइट क्रीम लगाकर अच्छी तरह से मालिश करनी चाहिए। आप अपनी गर्दन पर भी नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**नॉर्मल-ऑयली स्किन के लिए:** नॉर्मल और ऑयली स्किन के लिए नाइट क्रीम ऐसे बना सकती हैं। एलोवेरा जैल में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाकर बने मिश्रण को सोने से ठीक पहले चेहरे, गर्दन और खुली त्वचा पर लगा कर सो जाएं। सुबह उठते ही ताजे पानी से धो डालें। इससे आपकी स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय है तो नाइट क्रीम ऐसे बना सकती हैं। दो चम्मच एलोवेरा जैल में एक चम्मच ऑलिव ऑयल और दो चम्मच मिल्क पावडर को मिलाकर एक समान गाढ़ा पेस्ट बना लें। अपने चेहरे और गर्दन को साफ करके इस पेस्ट को स्किन पर लगाकर सो जाएं। सुबह ताजे पानी से इसे धो डालें। आप चाहें तो इस मिश्रण को ज्यादा मात्रा में बनाकर एयर टाइट जार में फ्रिज में रख कर रोजाना रात्रि में उपयोग कर सकती हैं। ❀

डाइट सजेशन
राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम में कई तरह के इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचने के लिए बॉडी इम्यूनिटी का स्ट्रॉन्ग होना जरूरी है। इसके लिए आपको अपनी डाइट का ध्यान रखना होगा। इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट, जानिए।

# रेग्युलर लें न्यूट्रिशस डाइट स्ट्रॉन्ग रहेगी इम्यूनिटी

बरसात के मौसम में वातावरण में नमी बढ़ जाती है। तापमान में उतार-चढ़ाव रहता है। ऐसे में वातावरण में कई तरह के बैक्टीरिया, वायरस, फंगस तेजी से पनपते हैं। यही कारण है कि इस दौरान सर्दी, जुकाम, वायरल फीवर, गले में खराश, पेट में संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और त्वचा संबंधी समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के दौरान खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जाए तो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाया जा सकता है। इसके लिए खाद्य पदार्थों का चयन करते समय आपको जानना चाहिए कि कौन से ऐसे सुपरफूड्स हैं, जो इस मौसम में विटामिन, खनिज, एंटी ऑक्सीडेंट्स और अन्य जरूरी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में देते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक होते हैं।





**अदरक:** अदरक यूं तो कई लोग स्वाद के लिए हर मौसम में खाते हैं, लेकिन बारिश के दिनों में इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसमें मौजूद एंटीइंफ्लेमेट्री और एंटीऑक्सीडेंटिव गुण शरीर को संक्रमणों से लड़ने में मदद करता है। साथ ही यह हमारे पाचन को भी बेहतर बनाती है, जिससे पेट की समस्याओं से छुटकारा मिलता है। सर्दियों की तरह बारिश में भी अदरक वाली चाय गले को आराम पहुंचाती है और सर्दी-जुकाम से हमें छुटकारा दिलाती है।

**हल्दी:** हल्दी भी एक ऐसा सुपर फूड है, जिसका इस्तेमाल बारिश के दिनों में जरूर करना चाहिए। हालांकि हल्दी भारतीय रसोई का अभिन्न हिस्सा है। इसलिए अगर विशेष रूप से इस पर फोकस न भी किया जाए, तो भी हल्दी हम अकसर खाते ही रहते हैं। लेकिन बारिश के दिनों में इसे पूरी सजगता से अपने भोजन का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि इसमें पाया जाने वाला करक्यूमिन शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट तत्व, यह सूजनरोधी गुणों के लिए जाना जाता है। मानसून में हल्दी वाला दूध पीना काफी फायदेमंद होता है। इससे शरीर की नियमित प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत बनी रहती है। कई शोधों से पता चला है कि हल्दी में रोग प्रतिरोध क्षमता होती है, लेकिन इसका इस्तेमाल संतुलित मात्रा में ही करना चाहिए।



**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में पाचनतंत्र को स्वस्थ रखने में दही और छाछ भी बहुत सहायक हैं, लेकिन कई लोग बारिश के दिनों में दही खाने से बचते हैं। जबकि इसके खाने से आंतों में अच्छे बैक्टीरिया बढ़ते हैं। पाचन भी बेहतर होता है और शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता को भी मजबूती मिलती है।

**मौसमी फल-सूखे मेवे:** मानसून में उपलब्ध कई फल विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं जैसे जामुन, नाशपाती, आलू बुखारा, सेब और अनार। ये खाने से शरीर को पोषण मिलने के साथ-साथ प्रतिरोधी तंत्र को भी मजबूती मिलती है। कोई भी फल हमेशा धोकर खाने चाहिए। ❀

## क्या खाएं-क्या न खाएं

- दिन में एक-दो बार तुलसीयुक्त हर्बल चाय पिएं।
- घर का बना ताजा और गर्म भोजन करें। बासी भोजन खाने से बचें।
- अत्यधिक तले, भुने खाद्य पदार्थ न खाएं। बाजारू चीजें खाने से बचें।
- बादाम, अखरोट, काजू और अन्य ड्राय फ्रूट्स खाएं।
- पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी पिएं।

## खबर संक्षेप

### दो युवक 1500 नशीले कैप्सूल सहित काबू

**सिरसा।** पुलिस ने चौपटा थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 1500 नशीले कैप्सूलों सहित काबू किया है। बरामद कैप्सूल व दोनों आरोपियों को आगामी कार्रवाई के लिए ड्रग्स इंस्पेक्टर के हवाले कर दिया गया। सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम गश्त के दौरान गांव गिगोरानी की ओर कागदाना रोड स्थित जन्नत होटल के पास पहुंची तो दो युवक खड़े दिखाई दिए। पुलिस वाहन देखते ही दोनों होटल के भीतर छिपने का प्रयास करने लगे। शक होने पर पुलिस ने दोनों को रोककर पूछताछ की।

### बंद पड़े मकान से पानी की टंकी, नल-टूटियां चोरी

**सिरसा।** डबवाली के जैन मंदिर के निकट स्थित एक बंद पड़े मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर मकान की छत पर लगी पानी की टंकी, पाइप, नल और टूटियां उखाडक़र ले गए। प्रताप नगर निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घटना का पता उन्हें अगले दिन मकान पर पहुंचने पर चला। उन्होंने बताया कि पड़ोस में रहने वाली कुलविंद्र कौर के घर से भी चोर पानी की मोटर चोरी कर ले गए। थाना शहर डबवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### टास्क देकर ठगी करने का आरोपी जयपुर से काबू

**फतेहाबाद।** व्हाट्सएप पर पार्ट-टाइम जॉब और टास्क पूरा कर घर बैठे अच्छी कमाई करने का झांसा देने वाले साइबर ठगों के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए राजस्थान से संबंध रखने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मूल रूप से गांव टिगरिया, तहसील बामनवास, जिला सवाई माधोपुर तथा हाल निवासी सैनी कॉलोनी, करतारपुरा, जयपुर सिटी साउथ के रूप में हुई है, जिसका नाम धन सिंह मीणा पुत्र रामकेश मीणा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी के 12 हजार रुपये की नकदी बरामद कर ली है।

---

### सिंचाई में पेयजल के दुरुपयोग पर विभाग का एक्शन

# फतेहाबाद में 8 अवैध जल कनेक्शन काटे, 12 उपभोक्ताओं को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर में पेयजल के दुरुपयोग पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। जल संरक्षण अभियान के तहत सोमवार को विभाग की टीम ने हरे चारे, सब्जियों की सिंचाई और अन्य गैर-घरेलू कार्यों में इस्तेमाल किए जा रहे अवैध पेयजल कनेक्शनों पर कार्रवाई करते हुए 8 कनेक्शन काट दिए, जबकि 12 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए। विभाग का कहना है कि पेयजल का व्यावसायिक या कृषि कार्यों में उपयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे शहर के अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति भी प्रभावित होती है।



**फतेहाबाद।** अवैध पेयजल कनैक्शनों पर कार्रवाई करती विभाग की टीम।

#### विभागीय टीम ने किया निरीक्षण

कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन के निर्देश पर चली कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जांच में कई स्थानों पर घरेलू पेयजल कनेक्शनों का उपयोग हरे चारे की सिंचाई, सब्जियों की खेती और अन्य गैर-घरेलू कार्यों के लिए किया जाता मिला। टीम ने मौके पर ही ऐसे 8 कनेक्शन काट दिए और संबंधित लोगों को भविष्य में पेयजल का दुरुपयोग नहीं करने की चेतावनी दी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि विभाग का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पेयजल केवल घरेलू उपयोग के लिए है और इसका अन्य कार्यों में इस्तेमाल करने से कई इलाकों में पानी की आपूर्ति बाधित होती है। इसलिए जल संरक्षण अभियान के तहत लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं और जहां भी अवैध कनेक्शन या दुरुपयोग मिलेगा, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि पेयजल का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करें, अनावश्यक बर्बादी से बचें और किसी भी प्रकार के अवैध जल कनेक्शन का इस्तेमाल न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर के सभी नागरिकों को निर्बाध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। कार्रवाई के दौरान जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली के साथ रामकरण, राणा सिंह, संदीप कुमार, राहुल कुमार, नीरज कुमार, सुंदर लाल, अमित कुमार, सोनू कुमार, अशोक कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

---



**भट्टूकलां।** छात्रा को सम्मानित करते महाविद्यालय प्राचार्य। *फोटो : हरिभूमि*

# विश्वविद्यालय टॉपर छात्रा अनीता का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय, भट्टू कलां में विज्ञान संकाय की मेधावी छात्रा अनीता पुत्री मुकेश कुमार निवासी गांव खाबड़ा को सीडीएलयू सिरसा की बीएससी. प्रथम वर्ष की परीक्षा में 88.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अनीता ने अपने माता-पिता, महाविद्यालय एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से भी अनीता की तरह लक्ष्य निर्धारित कर लगन, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के प्रधान बंसी गुर्जर ने भी छात्रा को सम्मानित एवं पुरस्कृत करते हुए उसकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अनीता की सफलता कठिन मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का परिणाम है तथा वह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. राजाराम, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. विजय कुमार, प्रो. अमित कुमार, डॉ. विक्रांत मोहन सहित अन्य प्राध्यापकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

---

# विदेश में नौकरी का झांसा दे 18.90 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

- इमिग्रेशन सेंटर का कार्यालय डाबड़ा चौक, हिसार में संचालित बताया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया का वर्क वीजा लगवाने के नाम पर 18.90 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी सुखदर्शन सिंह को गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में ले लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 23 जनवरी 2026 को थाना सदर डबवाली में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि जून 2025 में उसने इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया का वर्क वीजा लगवाने के लिए संपर्क किया। उक्त इमिग्रेशन सेंटर का कार्यालय डाबड़ा चौक, हिसार में संचालित बताया गया था। आरोपियों ने वीजा लगवाने का भरोसा देकर शिकायतकर्ता से उसके आवश्यक दस्तावेज व्हाट्सएप के माध्यम से मंगवा लिए। वीजा प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता हिसार स्थित कार्यालय में भी आरोपियों से मिला। शिकायतकर्ता के अनुसार 05 अगस्त 2025 को आरोपी डबवाली आए और लैपटॉप पर कथित रूप से उसका ऑस्ट्रेलिया का वर्क वीजा दिखाकर भुगतान की मांग की। आरोपियों के झांसे में आकर उसने 6 लाख रुपए नकद दे दिए, जबकि 12 लाख 90 हजार रुपए विभिन्न बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इनमें से आरोपियों के कहने पर 1 लाख 50 हजार रुपये गिरफ्तार आरोपी सुखदर्शन सिंह के बैंक खाते में भी जमा करवाए गए। कुछ समय बाद शिकायतकर्ता को पता चला कि हिसार स्थित इमिग्रेशन कार्यालय बंद हो चुका है तथा आरोपियों द्वारा दिखाया गया वीजा पूरी तरह फर्जी था। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

#### पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा

*अभियोग की गहन जांच के दौरान आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने महत्वपूर्ण तकनीकी एवं वित्तीय साक्ष्य जुटाए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए शिकायतकर्ता को फर्जी आधार कार्ड उपलब्ध कराए थे। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने आरोपी सुखदर्शन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। रिमांड अवधि के दौरान उससे गिरोह के अन्य सदस्यों,धोखाधड़ी से प्राप्त राशि तथा इस प्रकार की अन्य वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर सभी आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।*

---



**सिरसा।** मजहबी सिख महासभा में भाग लेते समाज के लोग।

### चरणजीत सिंह बने मजहबी सिख महासभा के अध्यक्ष

**सिरसा।** मजहबी सिख महासभा हरियाणा की बैठक गुरुद्वारा साहिब शहीद बाबा जीवन सिंह खैरपुर हुई, जिसमें हरियाणा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के लोगों ने शिरकत की। समाज के बुद्धिजीवी वर्ग जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता, अध्यापक, अधिकारी, वकील एवं राजनीतिक विशेषज्ञ आदि ने समाज के उत्थान के लिए अपने विचार प्रकट किए। लगभग चार घंटे चली इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करते हुए सरदार चरणजीत सिंह भट्टी पूर्व सरपंच गांव सिकंदरपुर को सर्वसम्मति से महासभा का अध्यक्ष चुना गया, वहीं उन्होंने परिसर में मौजूद संगत की सहमति से उपाध्यक्षों की नियुक्ति भी की, जिसमें अमृतपाल सिंह पूर्व वाइस चेयरमैन ब्लॉक समिति डबवाली, दिलबाग सिंह उर्फ बारा सिंह पूर्व सरपंच करीवाला, मुख्तयार सिंह ममेरा, हरदीप सिंह नाहर रतिया को चुना गया, वहीं महासभा के महिला विंग के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से बीबी सुखविंदर कौर गिल को चुना गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से संदीप सिंह उर्फ हैप्पी सिंह रंगरेटा को अध्यक्ष पद के लिए नियुक्त किया गया और मनजीत सिंह डबवाली को युवा विंग के उपाध्यक्ष की पद पर नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चरणजीत सिंह भट्टी ने कहा कि महासभा द्वारा किए जाने वाले कार्यों में विशेषतः शिक्षा प्रसार, रोजगार उपलब्धि एवं नशाबंदी के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, वहीं सिरसा नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष बीबी सुखविंद्र कौर गिल ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सभी क्षेत्रों में समान रूप से अवसर प्रदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर गुरचरण सिंह फौजी, राज सिंह, मग्घर सिंह भुल्लर, गुरचरण सिंह, सुखदेव सिंह संधु, गुरदेव सिंह गिल, इकबाल सिंह अलीकां, गुरदीप सिंह खालसा, बलविंद्र सिंह ममेरां, गुरसेवक सिंह संतावाली, मलकीत सिंह डबवाली, हरभजन सिंह खैरपुर, मास्टर जसवंत सिंह, बलकार सिंह फौजी आदि मौजूद थे।

---

## न्यूज डायरी

### मनुष्य रहे अहंकार, मोह से दूर: स्वामी आत्मानंद पुरी



**सिरसा।** गुरु दृष्टि व दृष्टिकोण बदल अपने शिष्य की जिंदगी में छाए अज्ञानता रूपी अंधकार को ज्ञान रूपी दीप द्वारा प्रकाश की तरफ ले जा कर शिष्य के जीवन में छाए अज्ञानता के अंधेरे को दूर भगाता है और एक मार्गदर्शक का कार्य करते हुए उसमें विवेक जागृत करता है। क्योंकि ईश्वर की प्राप्ति हेतु धन बल पद की नहीं बल्कि परमात्मा के प्रति समर्पण भाव की आवश्यकता है। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शिव शक्ति योग मिशन द्वारा दिव्य योग साधना मन्दिर में आयोजित गुरु पूजा कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद पुरी जीरा वालों ने उक्त बातें बताई। उन्होंने कहा कि हम भगवान से तभी जुड़ सकते हैं जब हम उनके शरणागत हो कर अपना हर कार्य उनको समर्पित करते हुए करें, क्योंकि भगवान उनके समक्ष शरणागत हुए भक्तों की हर हाल में रक्षा करता है। महाभारत युद्ध के बाद पांडवों के मन में युद्ध में विजय के कारण आये हुए अहंकार का दृष्टान्त सुनाते हुए स्वामी जी ने कहा कि केवल भगवान कृष्ण व उनके सुदर्शन चक्र के कारण पाण्डव युद्ध में विजयी रहे।

### भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की संरक्षक: सैलजा

**सिरसा।** लोकसभा सासंद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में मृतक किसानों के नाम पर फर्जी तरीके से फसल बीमा क्लेम लेने के मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, विश्वास और सरकारी व्यवस्था के साथ खुला विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक के बाद एक सामने आ रहे घोटाले यह साबित कर रहे हैं कि भाजपा सरकार के शासन में भ्रष्टाचार को संरक्षण मिल रहा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि मीडिया में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार हिसार जिले में सीएससी संचालकों, नंबरदारों, बीमा एजेंटों तथा कृषि विभाग के कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत से मृतक किसानों को जीवित दिखाकर करोड़ों रुपए के फसल बीमा दावों का फर्जीवाड़ा किया गया। यह मामला पूरे प्रदेश की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि मृतक व्यक्तियों के नाम पर भी सरकारी रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा संभव है, तो यह प्रशासनिक तंत्र की भयावह विफलता है। सांसद ने कहा कि हरियाणा पहले ही बैंक घोटाले, धान खरीद एवं भुगतान से जुड़े घोटालों, विभिन्न विभागों में वित्तीय अनियमितताओं तथा सिरसा शहरी क्षेत्र में विकास कार्यों में कथित घोटालों को लेकर चर्चा में रहा है।

### सरकारी जमीन पर कब्जे व वसूली का आरोप

**हिसार।** नई अनाज मंडी के समीप स्थित भाईचारा ट्रक यूनियन की जमीन पर कथित अवैध कब्जा एवं दुकानदारों से अवैध वसूली किए जाने की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना व उनकी टीम ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। टीम ने शिकायत के सभी पहलुओं की गहन जांच शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार को हिसार के कुछ नागरिकों की ओर से एक लिखित शिकायत भेजी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नई अनाज मंडी के निकट स्थित भाईचारा ट्रक यूनियन की भूमि कई वर्ष पूर्व सरकार द्वारा यूनियन को आवंटित की गई थी। वर्तमान समय में यूनियन के अधिकांश मूल सदस्यों का निधन हो चुका है, जिसके बाद कुछ लोगों द्वारा उक्त भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर लिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कुछ व्यक्तियों ने यूनियन की भूमि पर निर्माण सामग्री (रेत-बजरी) विक्रेताओं को प्लॉट आवंटित कर रखे हैं तथा उनसे नियमित रूप से अवैध वसूली जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी विवाद को लेकर दुकानदारों और स्थानीय लोगों के बीच लड़ाई झगड़े होने के आरोप लगाए गए हैं।

### अंतरराज्यीय एटीएम चोरी गिरोह पकड़ा, दो काबू

**हिसार।** सीआईए पुलिस टीम ने एटीएम मशीन को काटकर नकदी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के पिपरिया जिला के गांव बिरदौल निवासी पांडू उर्फ चन्द्रराम व राजस्थान के झुंझनु के गांव सिसासा में रह रहे हरिया उर्फ कालूराम के रूप में हुई है। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि इस संबंध में सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित एसबीआई के एटीएम से मशीन को काटकर करीब 3 लाख 38 हजार 200 रुपये चोरी किए जाने के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एटीएम कक्ष का ताला तोड़कर मशीन की कैश वेंडिंग यूनिट को काटकर नकदी चोरी करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की रकम में से उनके हिस्से में आए 13 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी अंतरराज्यीय एटीएम चोरी गिरोह से जुड़े हुए हैं तथा विभिन्न राज्यों में इस प्रकार की वारदातों में संलिप्त रहे हैं।

---



### भाविप उठाएगी राजकीय प्राथमिक पाठशाला लक्ष्मी मंडी के विद्यार्थियों की शिक्षा और विकास का खर्च

**भूना।** समाज सेवा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए भारत विकास परिषद शाखा भूना ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला लक्ष्मी मंडी के विद्यार्थियों को गोद लेने की घोषणा की है। परिषद ने विद्यालय के बच्चों के शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं आवश्यक सुविधाओं से जुड़े खर्च का दायित्व उठाने का संकल्प लिया है। शाखा का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाना है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शाखा अध्यक्ष कृष्ण कुमार कचोरिया की अध्यक्षता में परिषद पदाधिकारियों ने विद्यालय का दौरा किया। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष एवं दंत चिकित्सक डॉ. दीपक बंसल ने बच्चों के दांतों की जांच कर उन्हें ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक किया। परिषद की ओर से विद्यार्थियों को टूथपेस्ट, टूथब्रश तथा स्टेशनरी किट भी वितरित की गई। शाखा सचिव सुनील कंबोज व पूर्व प्रधान सुशील गिरधर ने बताया कि परिषद ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला लक्ष्मी मंडी को अपना स्थायी सेवा प्रकल्प बनाया है। इसके तहत विद्यार्थियों की जरूरत के अनुसार शिक्षा सामग्री, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और अन्य आवश्यक सहयोग लगातार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिषद का प्रयास रहेगा कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई संसाधनों के अभाव में प्रभावित न हो। विद्यालय के मुख्य शिक्षक रमेश बंसल ने परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल नरेश शर्मा व प्रोफेसर जियालाल बंसल ने कहा कि समाज का भविष्य विद्यालयों में तैयार होता है। यदि सामाजिक संस्थाएं शिक्षा के क्षेत्र में आगे आएं तो अनेक जरूरतमंद बच्चों के सपनों को नई उड़ान मिल सकती है।

---

# डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढा ने किया श्री दुर्गा मंदिर में लंगर हॉल के निर्माण का भूमि पूजन

- मिढ़ा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह लंगर हॉल सदैव सेवा, श्रद्धा और मानवता का केंद्र बना रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढा ने शहर केश्री दुर्गा कीर्तन मंदिर में लंगर हॉल के निर्माण के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास किया। मंदिर के पुजारी दयाशंकर मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक भूमि पूजन का कार्य संपन्न करवाया।

डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढ़ा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह लंगर हॉल सदैव सेवा, श्रद्धा और मानवता का केंद्र बना रहे। उन्होंने कहा कि मां भगवती की कृपा से जीवन की हर कठिनाई आसान हो जाती है और अंधकार में भी रास्ता मिल जाता है।

मां की एक झलक ही भक्त के सभी दुख-दर्द दूर कर देती है। जहां मां का आशीर्वाद होता है वहां सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। मां भगवती भक्तों की रक्षा करती हैं और उन्हें हर संकट से बचाती हैं।



**सिरसा।** लंगर हाल के निर्माण के लिए भूमि पूजन करते डिप्टी स्पीकर। *फोटो : हरिभूमि*

#### मां की कृपा से असंभव काम भी संभव होते

सच्चे मन से लिया गया मां का नाम ही सबसे बड़ा कवच बन जाता है। मां की कृपा से असंभव काम भी संभव हो जाते हैं और बंद किस्मत के दरवाजे खुल जाते हैं। मां भगवती सबको समान दृष्टि से देखती हैं, उनके लिए कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। मां की कृपा पाने के लिए सेवा, श्रद्धा और सच्ची भक्ति सबसे बड़ा माध्यम है। मंदिर कमेटी के प्रधान इंद्रजीत सबरवाल ने बताया कि कमेटी की ओर से मंदिर प्रांगण में लंगर हाल का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी के सहयोग से ही यह लंगर हाल का निर्माण कार्य पूरा होगा।

#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर नगर पालिका रानियां के चेयरमैन मनोज सचदेवा, मार्कीट कमेटी रानियां के चेयरमैन ललित मोहन पोपली, पिंचू कालड़ा, उमेश मेहता, ओम पोपली, पूर्ण चंद पोपली, संजय आहुजा, संदीप गांधी, रिंकू नागपाल, मंगत राम कवात्रा, विश्वास मेहता, राकेश बजाज सहित अन्य मौजूद थे।

---

# श्री राम आश्रम शिव मंदिर की बैठक 29 को मनाई जाएगी गुरुपूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

टिब्बा कलोनी स्थित श्री राम आश्रम शिव मंदिर के प्रांगण में प्रधान विनोद बंसल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 3 से 9 अगस्त तक मंदिर परिसर में सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा व 17 वां महारुद्राभिषेक यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कथा का वाचन कुलदीप शास्त्री, कालांवाली वाले अपनी मधुर वाणी से करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक मंदिर के ऊपर बने पंडाल में होगी, जबकि अभिषेक मंदिर प्रांगण में संपन्न होंगे। महायज्ञ साथ कथा व भंडारे का समापन 9 अगस्त, रविवार को होगा।

प्रधान विनोद बंसल ने बताया कि 11 अगस्त को शिवरात्रि के अवसर पर महादेव के दो विशेष अभिषेक किए जाएंगे। कोई भी भक्त अगर अभिषेक करवाना चाहता है तो वह मंदिर कमेटी या मंदिर पुजारी से संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि गुरुपूर्णिमा का त्यौहार 29 जुलाई को सुबह 9 बजे मनाया जाएगा, जिसमें स्वामी जी की आरती व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित केशव शास्त्री व पंडित नवीन शास्त्री ने कहा कि जहां शिव कथा होती है, वहां स्वयं महादेव विराजमान होते हैं। एक बार शिव नाम लेने से जन्म-जन्म के पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिव पुराण सुनने मात्र से मन को शांति, घर में सुख-समृद्धि और जीवन में कल्याण होता है।

#### श्रद्धालुओं को नहीं होगी परेशानी : गोयल

कमेटी सदस्य पुनीत गोयल व प्रवीण सिंगला ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर कमेटी द्वारा उचित प्रबंध किए जाएंगे ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर पंडित श्याम शात्री, सुभाष सिंगला, राम सिंगला, सीताराम, राजकुमार सिंगला, कपीश बंसल, सतीश गर्ग गणेश, डिम्पल, नीटू गोयल व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

---

### आरोही स्कूल बनगांव में कानूनी जागरूकता शिविर

# विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट व गुड टच-बैड टच की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार सोमवार को आरोही मॉडल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बनगांव में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. सुयशा जावा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सीजेएम डॉ. सुयशा जावा ने छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए पोक्सो अधिनियम तथा गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे किसी भी प्रकार के शोषण या असामान्य व्यवहार के खिलाफ निडर होकर आवाज उठाएं और तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दें।



**फतेहाबाद।** आरोही स्कूल बनगांव में पौधरोपण करते हुए सीजेएम डॉ. सुयशा जावा। *फोटो : हरिभूमि*

#### बच्चों की सुरक्षा का सशक्त कानून

प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता गगनदीप माचरा ने विद्यार्थियों को बताया कि पोक्सो अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने वाला एक व्यापक कानून है। इस अधिनियम में अपराधों की परिभाषा, जांच, सुनवाई, दोषियों के लिए दंड तथा पीड़ित बच्चों को सहायता एवं संरक्षण का विशेष प्रावधान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे की सहमति को ऐसे मामलों में कानून मान्यता नहीं देता।

#### डॉ. सुयशा जावा ने किया पौधरोपण

कानूनी साक्षरता शिविर के उपरांत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. सुयशा जावा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए तथा पर्यावरण की देखभाल और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन गर्ग, वीरेंद्र सोनी, धर्मपाल, पूजा मक्कड़, कविता रानी, सचिन तथा दीपक सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर कार्य पूरा करने वाले सम्मानित

**सिरसा।** रानिया विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सौ प्रतिशत पूरा करने वाली टीम को सम्मानित किया गया। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सुपरवाइजर परमजीत सिंह एवं उनकी पूरी बीएलओ टीम को इस सफलता के लिए सम्मानित किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने सुपरवाइजर परमजीत सिंह और उनके अधीन बूथ संख्या 180 से 188 तक सभी बीएलओ को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

### ग्राम पंचायत बाजेकां में लगा कैंप, सुनीं समस्याएं

**सिरसा।** ग्राम पंचायत बाजेकां में राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में छोटी जोत की भूमि की एनओसी जारी करने के काफी मामले सामने आए, जिन्हें विभागीय टीम द्वारा उचित परामर्श देकर सुलझाया गया। वहीं गांव में रास्ते के कई विवाद भी सुलझाए गए। सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र कंग ने बताया कि आज ग्राम पंचायत की ओर से पंचायत घर में एक कैंप का आयोजन किया गया।

### साइबर ठगी का आरोपी नूंह से गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस को नूंह के युवक को काबू किया है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए खुद को परिचित बताकर फर्जी ट्रांजेक्शन का झांसा देने और बैंक ट्रांसफर के जरिए हजारों रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव अकबरपुर, जिला नूंह निवासी मोहम्मद मुजाहिद्दीन पुत्र नियाज मोहम्मद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी के 50 हजार रुपये और वारदात में इस्तेमाल फोन बरामद किया।

### मांगें न मानने पर पेंशनर्ज एसो. नाराज

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक उपप्रधान वीना भ्याना की अध्यक्षता में बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि बैठक में सदस्यों रिशीराज शर्मा, बनारसी दास मोंगा, मनफूल सिंह, श्रीमती विद्या रत्ति इत्यादि ने अपने विचार रखे तथा सभी ने सरकार द्वारा मांगे 65, 70, 75 वर्ष की आयु में पैंशनर्ज को पेंशन में 5, 10 व 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी करना सहित अन्य मांगें शामिल है।

### जैन समाधि में वृक्षारोपण कार्यक्रम 15 जुलाई को

**रतिया।** जैन समाधि संस्था के अध्यक्ष सुरेश जिंदल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 15 जुलाई बुधवार को प्रातः 8 बजे संस्था द्वारा समाधि प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्था के महासचिव कैलाश गर्ग एवं कोषाध्यक्ष मोहन जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएंगे, ताकि भविष्य में पर्यावरण हरा-भरा रहे।

## सफाई बदहाल : 27 में से 14 वार्ड प्रभावित, 25 जून से नहीं उठा कचरा

# ठेका खत्म होने से व्यवस्था ठप आधे शहर में लगे कूड़े के ढेर

**लोगों ने प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप, बोले- शहर में बीमारियों का खतरा बढ़ा**



फतेहाबाद। शहर में लगे कूड़े के ढेर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर की आधी आबादी इन दिनों बदहाल सफाई व्यवस्था की मार झेल रही है। नगर परिषद क्षेत्र के 27 में से 14 वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इन वार्डों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कार्य कराया जा रहा था, लेकिन संबंधित ठेका 25 जून को समाप्त होने के बाद न तो उसकी अवधि बढ़ाई गई और न ही नया ठेका समय रहते जारी किया गया। परिणामस्वरूप बीते कई दिनों से गलियों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। बरसात के मौसम में फैली गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढने लगा है। स्थानीय लोगों ने इसे नगर परिषद की गंभीर प्रशासनिक विफलता बताते हुए तत्काल सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद को ठेका समाप्त होने से पहले ही नई टेंडर प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए थी या पुराने ठेके की अवधि बढ़ाकर सफाई कार्य जारी रखना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं होने से आधे शहर की सफाई व्यवस्था ठप हो गई। प्रभावित वार्डों में नियमित कचरा उठान बंद होने से नालियों के आसपास और बाजारों में गंदगी फैल गई है। लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर बदबू और मच्छरों का प्रकोप भी बढने लगा है। वार्ड नंबर-12 के पार्षद मोहन लाल नारंग ने कहा कि हरियाणा नगर पालिका अधिनियम-1973 और राइट टू सर्विस एक्ट के तहत नगर परिषद का दायित्व है कि शहर की सफाई व्यवस्था बिना किसी बाधा के लगातार जारी रखी जाए। लेकिन वर्तमान स्थिति दर्शाती है कि परिषद इस जिम्मेदारी का निर्वहन करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

### वार्ड-12 के जागरूक नागरिकों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई

सफाई व्यवस्था बहाल कराने की मांग को लेकर वार्ड-12 के जागरूक नागरिकों ने भी प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। एडवोकेट राजेंद्र कुकरेजा सेवानिवृत्त डीडीए, एडवोकेट जोगिंदर सिंह राणा, जसबीर सिंह भ्याना, परवीन आनंद, तनिक मेहता, पवन कुमार झांब सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक, हितेंद्र कथूरिया, अशोक कुमार मक्कड़ सेवानिवृत्त एसडीओ, प्रोफेसर सीताराम, शेर सिंह ढाका सेवानिवृत्त अध्यापक और राजकुमार मेहता सहित अन्य नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि वार्ड-12 सहित सभी प्रभावित 14 वार्डों में तत्काल प्रभाव से सफाई कार्य शुरू कराया जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो गंदगी के कारण संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर प्रभावित वार्डों के लोग आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। नगर परिषद की ओर से फिलहाल इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



### रक्तदान शिविर में 123 यूनिट रक्त एकत्रित

**सिरसा।** संत निरंकारी मिशन की टोहाना जोन की नेजाडेला कलां ब्रांच के निरंकारी सत्संग भवन पर सोमवार जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से 123 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखी पिल्लूखेड़ा मोहन लाल ने की। उन्होंने सत्संग में नर सेवा नारायण पूजा का संदेश दिया और साथ ही बताया कि अध्यात्म से जुडक़र ही समाज कल्याण व मानव सेवा की भावनाएं हृदय में जागृत होती हैं। इस रक्तदान शिविर और सत्संग में इलाके के अनेकों धर्म प्रेमी सज्जनों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गांव के अनेकों गणमान्य व्यक्ति इस शिविर में पहुंचे और निरंकारी मिशन द्वारा किए जा रहे इस कार्य की प्रशंसा की। इस शिविर में नेजाडेला कलां ब्रांच के साथ-साथ आस-पास की ब्रांचों सिरसा, बप्पां, पंजुआना, बुढ़ा भाना, भंगु, रोड़ी, कलांवाली, दड़बी एवं नटार के श्रद्धालु भक्तों एवं रक्तदाताओं का यहां पहुंचने पर स्वागत किया गया एवं लंगर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### दरियापुर इलाके में चलाया विशेष सर्च अभियान

**फतेहाबाद।** जिले में अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाने और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने पुलिस चौकी दरियापुर के क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों के घरों और ठिकानों की गहनता से तलाशी ली। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों का गठन कर चौकी दरियापुर क्षेत्र में एक विशेष सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान इलाके के संदिग्ध व्यक्तियों के घरों व उनके छिपने के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर नियमानुसार चेकिंग की गई। इसके साथ ही पुलिस ने इन संदिग्धों की मौजूदा गतिविधियों और उनके संपर्कों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई।

### खेत से लौट रहे युवक को पीटा, 13 पर केस

**फतेहाबाद।** गांव हरिपुरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर कथित रूप से लाठी-डंडों से हमला करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में 12 नामजद समेत 13 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि हमले में एक युवक का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि उसके पिता, मां और भाई भी घायल हो गए। सभी को पहले नागरिक अस्पताल फतेहाबाद ले जाया गया। जहां से तीन घायलों को गंभीर हालत में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, इस मामले में दूसरे पक्ष के हरीश कुमार के बयान पर चार लोगों पर केस दर्ज हो चुका है। पुलिस को दिए बयान में हरिपुरा निवासी राजकुमार ने बताया कि 7 जुलाई की सुबह उसका छोटा भाई अजयपाल गेहूं पिसाने जा रहा था।

## सरकार की नीतियां जन-कल्याणकारी हर वर्ग का हो रहा समान विकास : बैनीवाल

- चेयरमैन बनने के बाद पहली बार गांव ढांड पहुंचे बैनीवाल का ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव ढांड में चेयरमैन राजपाल बैनीवाल का स्वागत करते ग्रामीण।

हरियाणा सरकार में चेयरमैन मनोनीत होने के बाद पहली बार गांव ढांड आगमन पर भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल का ग्रामीणों द्वारा स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। समारोह में ग्रामीणों द्वारा मिले सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए चेयरमैन राजपाल बैनीवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो मान-सम्मान और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वे उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि इलाके का विकास और जनसमस्याओं का समाधान करवाना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों से 17 जुलाई को जींद में होने वाली पीएम नरेन्द्र मोदी की रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

### हेरोइन तस्करी के आरोप में युवक काबू

**भूना।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक युवक को काबू किया है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए वार्ड नंबर 4, वाल्मीकि मोहल्ला, भूना निवासी आकाश पुत्र राजू को 40 ग्राम 96 मिलीग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना भुना में एनडीपीएस एक्ट के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है। एएनसी सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि पुलिस टीम को एक पुख्ता गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी आकाश अपने घर से ही हेरोइन बेचने का अवैध धंधा करता है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत एक्शन लिया और वार्ड नंबर 4, वाल्मीकि मोहल्ला स्थित उसके निर्माणाधीन मकान के बाहर घेराबंदी कर दबिश देकर पकड़ा।

## स्वच्छता ही स्वागत अभियान, मंत्री कृष्ण बेदी के साथ नेताओं ने लगाई झाड़ू

- कैबिनेट मंत्री ने 17 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में पहुंचने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। शहर में मंत्री के साथ झाड़ू लगाते नेता।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को हरियाणा आगमन के मद्देनजर फतेहाबाद में स्वच्छता ही स्वागत अभियान के तहत सफाई अभियान में भाग लिया। सोमवार को फतेहाबाद पहुंचे कृष्ण बेदी ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। मंत्री के साथ अनेक नेताओं और अधिकारियों ने भी हाथों में झाड़ू थामकर स्वच्छता का संदेश दिया। बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत अभियान आज जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। हरियाणा सरकार भी इसी संकल्प के साथ प्रदेश को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का हरियाणा आगमन प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और उनके स्वागत में 13 जुलाई से विशेष अभियान चल रहा है।

## एमआई काडा पर ठेकेदार ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

- सीएम को भेजी शिकायत भुगतान में देरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर एमआई काडा विभाग के एसडीओ विकास गोयल और जेई अभिनव पर भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी तथा भुगतान में जानबूझकर देरी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ठेकेदार विनोद कुमार ने शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, जिसकी भरपाई संबंधित अधिकारियों के वेतन से करवाई जाए। शिकायत के अनुसार, विनोद कुमार ने एमआई काडा विभाग में ऑनलाइन निविदा के माध्यम से मोगा नंबर 25890-आर खाईशेरगढ़ माइनर का कार्य लिया था। उनका आरोप है कि 24 जुलाई 2024 को संशोधित होने वाला एस्टीमेट एसडीओ द्वारा जानबूझकर लंबित रखा गया, जिसके चलते करीब सात माह तक भुगतान अटका रहा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई और देनदारियों के कारण सामाजिक प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची। ठेकेदार ने आरोप लगाया कि एस्टीमेट संशोधित करने और बिलों के भुगतान के बदले उनसे मोटी रकम की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर अधिकारियों ने जानबूझकर फाइल लंबित रखी।

## सरकार के खिलाफ किसान-मजदूरों का ऐलान, 10 को होगा जेल भरो आंदोलन

**फतेहाबाद।** केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिले के किसानों, मजदूरों और विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने लामबंद होकर आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। नीतियों में जनपक्षीय बदलाव लाने और सोई हुई सरकार को जगाने के लिए 10 अगस्त को फतेहाबाद में जेल भरो आंदोलन के तहत सामूहिक गिरफ्तारियां दी जाएंगी। यह निर्णय स्थानीय शहीद ऊधम सिंह भवन में आयोजित अखिल भारतीय किसान सभा, खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन और सीटू के जिला पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक में लिया गया। मीटिंग की अध्यक्षता संयुक्त रूप से विष्णु दत्त शर्मा, दलबीर सिंह आजाद व गगनदीप कौर ने की, जबकि मंच संचालन ओमप्रकाश अनेजा एवं मास्टर राजेंद्र प्रसाद बाटू द्वारा किया गया।



फतेहाबाद। बैठक को संबोधित करते रामकुमार बहबलपुरिया।

### मोहित डूडी का भारतीय अंडर-18 वॉलीबॉल टीम में चयन

**सिरसा।** स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल अरनियांवाली के खिलाड़ी मोहित डूडी का भारतीय अंडर-18 वॉलीबॉल टीम में चयन हुआ है। वर्तमान में मोहित चीन के हाईकोउ शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें 16 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। मोहित डूडी ने 23 जून को वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित ट्रायल में भाग लिया था। प्रारंभिक चरण में 22 खिलाड़ियों का चयन कर राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसके बाद 9 जुलाई को हुए अंतिम चयन में मोहित का भारतीय अंडर-18 टीम में लिबरो के रूप में चयन किया गया। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता के अपने पहले मुकाबले में बहरीन को हराकर शानदार शुरुआत की है।

## रतिया में अवैध कालोनियों में सड़क निर्माण की होगी जांच

- मंत्री ने दिए निर्देश, एडीसी के अध्यक्षता में कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन व बीजेपी नेता कुलवंत सैनी की शिकायत पर मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जिला कष्ट एवं शिकायत निवारण कमेटी की मीटिंग के दौरान रतिया में अवैध कालोनियों, मार्केट में अवैध तरीके से शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा कराए गए कथित सडक़ निर्माण की जांच के लिए एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। कमेटी में एसडीएम रतिया तथा जनपरिवाद समिति के सदस्य अंकित सिंगला और परवीन को शामिल किया गया है। जांच रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाएगी। बता दें कि रतिया मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन व जिला शिकायत निवारण कमेटी के सदस्य कुलवंत सैनी ने मुख्यमंत्री व मंत्री कृष्ण बेदी को शिकायत भेजकर आरोप लगाया कि नगर पालिका रतिया के आधिकारी, ठेकेदारों और भूमि माफिया लोगों से मिलकर अवैध भूमि पर, अवैध कालोनी व मार्किट में अवैध तरीके से नई सडक़ों का निर्माण करवा रही है जोकि उक्त भूमि प्राइवेट आदमियों के नाम है और अवैध तरीके से कलोनी काटी गई है। इसे बारे में कई बार सचिव व अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

### महिला कॉलेज में एक पेड़ एक जिंदगी अभियान के तहत औषधीय पौधों लगाए

**सिरसा।** पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवद्र्धन तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से राजकीय महिला महाविद्यालय,सिरसा में एक पेड़ एक जिंदगी अभियान के अंतर्गत औषधीय पौधे रोपित कि गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को इन पौधों के औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व से भी अवगत कराया गया। प्राचार्य बताया कि बहेड़ा त्रिफला का प्रमुख घटक है, जो पाचन तंत्र को सुदृढ़ बनाने, सर्दी-जुकाम, गले के संक्रमण तथा त्वचा संबंधी रोगों में लाभकारी माना जाता है। वहीं आंवला विटामिन-सी का समृद्ध स्रोत होने के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, आंखों की रोशनी, बालों के स्वास्थ्य तथा संपूर्ण शारीरिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। इसके अतिरिक्त इंसुलिन प्लांट को मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी माना जाता है, क्योंकि यह रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित रखने में सहायक होता है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

## नशामुक्ति सेना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपे 11 सुझाव

# नशा तस्करी में लिप्त अपराधियों को मिले आजीवन कारावास

**नशामुक्ति सेना के संस्थापक भवानी सिंह ने पंचकूला में की मुख्यमंत्री से भेंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते भवानी सिंह।

प्रदेश को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ जुटी नशामुक्ति सेना और महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को एक पत्र सौंपकर राज्य में नशा मुक्ति अभियान को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाने के लिए 11 महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इसके साथ ही संस्था ने जिले में समाज को नशामुक्त करने और युवाओं को जागरूक करने के लिए किए जा रहे अपने प्रयासों की जानकारी भी साझा की है। पंचकूला में नशा मुक्त हरियाणा विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति सेना के संस्थापक भवानी सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ सीधी बातचीत की। इस दौरान भवानी सिंह ने मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करने तथा गांव, वार्ड व मोहल्ला स्तर तक व्यापक जनजागरण अभियान चलाने जैसे ऐतिहासिक निर्णयों की सराहना की। संस्था के संस्थापक भवानी सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा मुख्यमंत्री को सौंपे गए प्रमुख 11 सुझाव दिए हैं। इसमें सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में बेडों की संख्या बढ़ाई जाए. फतेहाबाद में कम से कम 40 बेड, रतिया में 30 बेड तथा टोहाना में 30 बेड उपलब्ध कराए जाएं। प्रत्येक जिले में डी-एडिक्शन सेंटर के साथ-साथ पुनर्वास केंद्र स्थापित हों, जहाँ युवाओं को कौशल विकास और रोजगार का प्रशिक्षण मिले।

### गांवों में खेल मैदान व कोच की व्यवस्था करें

जिन आदतन नशा तस्करों पर 4 या 5 से अधिक एनडीपएस के मुकदमे दर्ज हैं, उनके लिए आजीवन कारावास जैसे कठोर दंड का प्रावधान किया जाए। प्रत्येक गांव और वार्ड में खेल मैदान, खेल सामग्री एवं कोच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि युवा नशे से दूर रहकर खेलों की तरफ आकर्षित हों। नशा तस्करों की साहसिक सूचना देकर पुलिस का सहयोग करने वाले नागरिकों और संस्थाओं को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाए। प्रत्येक जिले में एक मोबाइल नशा मुक्ति बस शुरू की जाए, जो गांव-गांव जाकर पीड़ितों की पहचान, काउंसलिंग और प्राथमिक उपचार कर सके। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के नशा पीड़ितों का मुफ्त इलाज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शामिल किया जाए। चिट्टे के साथ-साथ अन्य नशीली कैप्सूल/दवाइयों की बिना डॉक्टर के पर्चे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। सोशल मीडिया, वीडियो और गानों के जरिए नशे का महिमामंडन करने वाले डिजिटल कंटेंट पर प्रभावी कानूनी रोक लगाई जाए। नशे की ओवरडोज और इंजेक्शन के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच हो।